समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Monday, 21 September 2026

# पहलगाम आतंकी हमले पर अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेसं बोले- 'अगर वे जिम्मेदार है तो पाकिस्तान...'

Publisher

Published on 02 May 2025



## अमेरिकी उपराष्ट्रपति ने कहा, "हम उम्मीद करते है कि पाकिस्तान, अगर वे (पहलगाम आतंकी हमले) इसके लिए जिम्मेदार है तो भारत के साथ सहयोग करे.

**JD Vance Meet To Modi on Pahalgam attack:**अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा कि अमेरिका को उम्मीद है कि पाकिस्तान, जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पिछले महीने हुए आतंकी हमले के लिए जिम्मेदार आतंकवादियों को पकड़ने में भारत के साथ सहयोग करेगा. वेंस ने 'स्पेशल रिपोर्ट विद ब्रेट बेयर' शो में गुरुवार (1 मई 2025) को दिए एक इंटरव्यू में कहा, "हमें उम्मीद है कि भारत इस आतंकी हमले का जवाब ऐसे देगा, जिससे व्यापक क्षेत्रीय संघर्ष न हो."

अमेरिकी उपराष्ट्रपति ने कहा, "हम उम्मीद करते हैं कि पाकिस्तान, अगर वे (पहलगाम आतंकी हमले) इसके लिए जिम्मेदार हैं तो भारत के साथ सहयोग करे ताकि उनके क्षेत्र में सक्रिय आतंकवादियों को पकड़ा और निपटाया जा सके." वेंस ने इस हमले पर अपनी पहली सार्वजनिक टिप्पणी फॉक्स न्यूज के साथ दिए एक इंटरव्यू में की, पहलगाम हमले में 26 लोग मारे गए थे. यह हमला 2019 में सीआरपीएफ कर्मियों पर हुए पुलवामा हमले के बाद सबसे घातक था. उस समय वेंस और उनका परिवार चार दिन की भारत यात्रा पर थे.

### क्यों अहम है जेडी वेसं का ये बयान ?

पहलगाम हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच उपराष्ट्रपति की टिप्पणी महत्वपूर्ण है. पिछले महीने भारत दौरे पर आए वेंस ने इस हमले की निंदा की थी और एक्स पर एक पोस्ट में पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ एकजुटता व्यक्त की थी.

### रुबियो ने की थी शहबाज शरीफ और जयशंकर से बात

पहलगाम हमले में 25 पर्यटकों और एक स्थानीय व्यक्ति की जान चली गई, जो हाल के दिनों में कश्मीर घाटी में नागरिकों पर हुए सबसे घातक हमलों में से एक था. भारत-पाक के तल्ख होते रिश्तों के बीच, बुधवार को अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से बात की थी. रुबियो ने पाकिस्तानी अधिकारियों से जांच में सहयोग करने और उनके बीच तनाव कम करने के लिए काम करने को कहा था.

### अमित शाह ने कहा- सटीक जवाब देगा भारत

इससे पहले गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि भारत आतंकवाद के हर कृत्य का उचित और सटीक जवाब देगा. आतंकवादियों को कड़ी चेतावनी देते हुए अमित शाह ने कहा, “अगर कोई सोचता है कि कायरतापूर्ण हमला उनकी जीत है, तो उन्हें याद रखना चाहिए कि यह नरेंद्र मोदी का भारत है और एक-एक करके बदला लिया जाएगा.”

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.